an>

title: Need to expedite setting up of ESI hospital at Kandivali in Mumbai-North Parliamentary Constituency of Mahrashtra.

श्री गोपाल शेट्टी (मुम्बई उत्तर) : अध्यक्ष जी, मैं आपको धन्यवाद देता हूं कि आपने मुझे एक बहुत ही महत्वपूर्ण विषय पर बोलने का मौका दिया। मेरे मतदान क्षेत्र कांदीवली, पूर्व आकोली रोड पर ईएसआईएस का एक हॉस्पिटल है, जो चार साल पहले बन कर रेडी हो गया था। डेढ़ साल पहले महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री और हमारे केन्द्रीय मंत्री बंडारू दत्तात्रेय जी ने इसकी ओपनिंग की।

अध्यक्ष जी, 180 करोड़ रुपये खर्च करने के बाद भी आज यह हॉस्पिटल बंद पड़ा हुआ है। इसे केन्द्र सरकार चलाए या राज्य सरकार चलाए, यह झगड़ा अभी तक समाप्त नहीं हो रहा है। मैं स्वयं और किरीट सोमैया जी ने इसके बारे में दो-तीन बार महाराष्ट्र सरकार के साथ में मीटिंग ली, बंडारू जी के साथ में हम लोगों ने मीटिंग ली, लेकिन इसका कोई रास्ता नहीं निकल रहा है।

अध्यक्ष महोदय, सिर्फ 200 अधिकारी महाराष्ट्र सरकार के साथ काम करेंगे या राज्य सरकार के साथ काम करेंगे, इस झगड़े की वजह से अभी तक यह हॉस्पीटल शुरू नहीं हो पा रहा है। ...(व्यवधान) मैं आपके माध्यम से मांग करता हूं कि अगर केन्द्र सरकार के अधिकारी दोषी हैं तो केन्द्र सरकार उन पर कार्रवाई करे और महाराष्ट्र सरकार के अधिकारी दोषी हैं तो महाराष्ट्र सरकार उन पर कार्रवाई करे और तुरंत ईएसआईसी का हॉस्पीटल शुरू हो ताकि लोगों को सुविधा प्राप्त होना शुरू हो, ...(व्यवधान) यही मेरा आपसे निवेदन है।

माननीय अध्यक्ष :

श्री भैरों प्रसाद मिश्र को श्री गोपाल शेट्टी द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।